डिजीटल अखबार

डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, वीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया भाद्रपद शुक्ल पक्ष ,08-2083 भोपाल,दिन शनिवार,दिनांक 19 सितंबर 2026

न्यूज गैलरी

इंदौर में आज राहुल गांधी, युवाओं से करेंगे सीधा संवाद

इंदौर। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को इंदौर पहुंचेंगे। वे पीजनल पार्क के पास आयोजित छात्रों की गुरु वार्ताक्रम में युवाओं से संवाद करेंगे। कार्यक्रम करीब एक घंटे 15 मिनट का होगा। इसमें केवल 25 वर्ष तक की आयु वाले चयनित युवाओं को प्रवेश दिया जाएगा। कांग्रेस के नेताओं और पदाधिकारियों को भी कार्यक्रम स्थल के अंदर जाने की अनुमति नहीं होगी।

राहुल गांधी दोपहर करीब 1.45 बजे इंदौर पहुंचेंगे। कार्यक्रम में वे शाम 5:30 बजे से रात 8 बजे तक मौजूद रहेंगे। इसके बाद रात करीब 9 बजे दिल्ली रवाना होंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार कार्यक्रम के लिए 8 लाख से अधिक युवाओं ने पंजीयन कराया है।कार्यक्रम को लेकर पुलिस ने आयोजकों के सामने सुरक्षा से जुड़ी 31 शर्तें रखी हैं। इनमें 1,500 सीसीटीवी और 500 महिला पीसीपियन की तैनाती, 40 सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था तथा भीड़ नियंत्रण सहित अन्य प्रबंध शामिल हैं।

विभाग ने स्पष्ट किया, 10 श्रेणी के करीब डेढ़ लाख शिक्षकों को देना होगी परीक्षा

भोपाल। प्रदेश के करीब डेढ़ लाख संविदा शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) देना होगी। लोक शिक्षण संचालनालय ने 10 श्रेणी के शिक्षकों के लिए यह परीक्षा अनिवार्य की है। एसमिति, सीटीईटी पास शिक्षकों को छोड़कर भर्ती में छूट नहीं दी जाएगी। परीक्षा अधिकतम तीन और शासकीय शिक्षा संस्थान (डाइट) में होगी। परीक्षा की पात्रता अवधि पहले से ही परीक्षा देने वाले शिक्षकों को नियमित वेतन वृद्धि व पदोन्नति और सहयोग का रोक होगा। प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के सहायक शिक्षक, विज्ञान, अंग्रेजी और संस्कृत शास्त्र शिक्षक संविदा श्रेणियों में इसके दायरे में आएंगे।

प्राइवेट कॉलेजों की फीस पर निगरानी के लिए समिति पुनर्गठित, डॉ. आचार्य अध्यक्ष

भोपाल। राज्य सरकार ने निजी व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों के लिए प्रवेश एवं शुल्क विनियामक समिति का पुनर्गठन किया है। समिति का कार्यकाल तीन वर्ष होगा। जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के पूर्वकुलपति डॉ. राजकुमार आचार्य को इसका अध्यक्ष बनाया गया है।समिति निजी मेडिकल, इंजीनियरिंग और अन्य व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों में प्रवेश और फीस से जुड़े मामलों का निराकरण करेगी।

युवा धर्म संसद में 25 राज्यों से पहुंचे करीब 1700 प्रतिभागिय संघ प्रमुख बोले- अहंकार में व्यक्ति मानता है सब उसके नियंत्रण में, यही गलतफहमी

धर्म को पूजा तक सीमित न रखें, जीवन और आचरण में उतारें,भागवत

कार्यक्रम में करीब 1700 युवा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया



दीआर संवाददाता ■ उज्जैन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने शुक्रवार को उज्जैन में आयोजित युवा धर्म संसद को संबोधित किया। कार्यक्रम में करीब 1700 युवा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। भागवत ने युवाओं से धर्म को केवल पूजा-पद्धति या कर्मकांड तक सीमित न रखने और उसे दैनिक जीवन के आचरण से जोड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि युवाओं को धर्म पर सवाल करने देखना चाहिए, यही बात है, लेकिन इसे उत्तर बुजुर्गों से जुड़ा विषय मान लिया जाता है।

धर्म और टिलीजन को एक मानना सही नहीं

भागवत ने कहा कि भारतीय संदर्भ में धर्म की अवधारणा पश्चिमी 'रिलीजन' से अलग है। उनके अनुसार धर्म जीवन को दिशा देने वाला अनुशासन है और व्यक्ति के व्यवहार में दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि कर्मकांड धर्म का एक हिस्सा हो सकता है, लेकिन उसे ही पूरा धर्म मानना उचित नहीं है। युवाओं से उन्होंने धर्म को समझने के लिए पुरोहितों को प्रश्न करने का आह्वान किया।

अहंकार से पैदा होती है नियंत्रण की गलतफहमी

संघ प्रमुख ने कहा कि व्यक्ति जब अहंकार में यह मानने लगता है कि सब कुछ उसके नियंत्रण में है और हर चीज उसकी इच्छा के अनुसार होनी चाहिए, तब यह गलतफहमी का शिकार होता है। उन्होंने कहा कि जीवन में सुख-दुख आते-जाते रहते हैं, जबकि धर्म को उन्होंने स्थायी बताया। युवाओं से उन्होंने धर्म को व्यवहार में उतारने की बात कही।

प्रकृति की रक्षा भी धर्म का हिस्सा

भागवत ने धर्म को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए कहा कि प्रकृति को नुकसान पहुंचाना अधर्म है। उन्होंने जंगलों को नष्ट करने और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के प्रति चिंता जताई। उनके अनुसार मनुष्य का दायित्व केवल अपने हित तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रकृति और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाना भी आवश्यक है।

भारत की भूमिका पर भी रखे विचार

उन्होंने कहा कि भारत ने अलग-अलग विचारधाराओं वाली सरकारों के दौर में भी दुनिया के संघर्षों में अनावश्यक हस्तक्षेप नहीं किया। उनके अनुसार भारत की सोच सभी के कल्याण और अलग-अलग आस्थाओं के बीच भेदभाव नहीं करने की रही है।

उन्होंने युवाओं से ऐसे जीवन और आदर्श का उदाहरण प्रस्तुत करने की अपील की, जिससे पूरियां प्रेरणा ले सकें।

कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शामिल होने की जानकारी आयोजकों ने दी है। युवा धर्म संसद में विभिन्न क्षेत्रों के विद्वान, शिक्षक, शोधकर्ता और धार्मिक प्रतिनिधि भी हिस्सा ले रहे हैं।

16 अक्टूबर से पेट्रोल पंपों पर 2 हजार से ज्यादा का यूपीआई भुगतान बंद



दीआर संवाददाता ■ भोपाल।

मध्यप्रदेश में पेट्रोल-डीजल खरीदने वाले वाहन चालकों के लिए भुगतान व्यवस्था में बदलाव होने जा रहा है। पेट्रोल पंप डीलर्स एसोसिएशन ने 16 अक्टूबर से 2 हजार रुपए से अधिक के पेट्रोल-डीजल की खरीद पर यूपीआई भुगतान नहीं लेने का निर्णय लिया है। ऐसे भुगतान के लिए ग्राहकों को नकद राशि देनी होगी।

एसोसिएशन का कहना है कि यह फैसला 15 अक्टूबर से लागू होने वाले नए मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) के विरोध में लिया गया है। बताया गया है कि 2 हजार रुपए से अधिक के यूपीआई लेन-देन पर प्रति ट्रांजेक्शन 5 रुपए एमडीआर लगाया जाएगा।

एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह के मुताबिक भोपाल के एक पेट्रोल पंप पर प्रतिदिन औसतन 100 ऐसे यूपीआई लेन-देन होते हैं। 5 रुपए एमडीआर पर 18 प्रतिशत जीएसटी जोड़ने के बाद प्रत्येक लेन-देन का खर्च करीब 5.90 रुपए हो जाएगा। इस हिसाब से एक पेट्रोल पंप पर रोजाना करीब 590 रुपए, भुगतान व्यवस्था में लगभग 17,700 रुपए का अतिरिक्त खर्च आएगा।

एसोसिएशन का कहना है कि पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर डीलरों का मार्जिन पहले से सीमित है। ऐसे में अतिरिक्त शुल्क का भार उठाना उनके लिए मुश्किल होगा। इसी वजह से 2 हजार रुपए से अधिक के यूपीआई भुगतान को रोकने का फैसला लिया गया है।

इंदौर में 23 सितंबर को व्यापारी करेंगे विरोध

इंदौर में भी एसोसिएशन के सिर्फ 190 से अधिक आउटलेट्स संगठन ने 23 सितंबर को 2 हजार रुपए से ज्यादा का यूपीआई भुगतान स्वीकार नहीं करने का निर्णय लिया है। व्यापारियों द्वारा यूपीआई स्कैनर और साउंड बॉक्स पर बताए गए्क्ष शुल्क वसूला जाएगा जो तैयारी है। कई दुकानों पर लिखा दिखाई पड़ेगा भी लगाए

लाल परेड मैदान में आज आरएसएस का बड़ा एकत्रीकरण, शहर में बदले रहेंगे कई रास्ते,30 से 35 हजार स्वयंसेवकों के जुटने की संभावना

दीआर संवाददाता ■ भोपाल।



लाल परेड ग्राउंड में 20 सितंबर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वृहद स्वयंसेवक एकत्रीकरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें भोपाल सहित आसपास के जिलों से करीब 30 से 35 हजार स्वयंसेवकों और उनके परिवारों के जुटने की संभावना है। बड़ी संख्या में लोगों के जुटने और वाहनों के दबाव को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने शहर में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है।

कार्यक्रम के दौरान अनुमति प्राप्त भारी वाहन, बसें तथा मध्यम और हल्के व्यावसायिक वाहनों को निर्धारित पैकेजिंग मार्गों से ही आवागमन करना होगा। सोमा टॉकीज तिराहा, भारत टॉकीज चौराहा, तिली तिराहा, जिली चौराहा, खाना एनडी नगर चौराहा, रोशनपुरा और सलाही थर रोड से पातालपानी को कायदार किया जाएगा।

हमीदिया रोड से आलमा तिराहा होकर रोशनपुरा की ओर जाने वाले भारी, मध्यम, हल्के व्यावसायिक और यात्री वाहनों को सोमा तिराहा से डायवर्ट किया जाएगा। इन वाहनों के लिए कलरिया तिराहा, 80 फीट रोड, अशोका गार्डन, प्रगति चौराहा, सुभाष लेबरकॉलेज, बीडी मॉल और बोर्ड ऑफिस होकर जाने का मार्ग निर्धारित किया गया है। यहीं किसी चौराहे से पुलाने पुलिस मुख्यालय की ओर जाने वाले वाहन तिली चौराहा होकर निकल सकेंगे।

ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से यातायत्रीन व्यवस्था का पालन करने की अपील की है। किसी परेशानी की स्थिति में ट्रैफिक हेल्पलाइन 0755-2677340, 9993058448 अथवा वीटएपी नंबर 7587022025 पर संपर्क किया जा सकता है।

कागजों पर मशीन, खाते से निकल गए 8.85 लाखाय बैंक मैनेजर समेत पांच पर केस

दीआर संवाददाता ■ भोपाल।

कोतवाली थाना क्षेत्र के शौक बाजार स्थित सरकारी गार्डन में लोगों की दुकान से करीब 30 लाख रुपए जीमत का सोना और नकदी चोरत कर्मचारी के फरार होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दुकान संचालक की शिकायत पर कर्मचारी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पेशेवर अकाउंट की लालपानी गली में झनकार ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। यहां रोहित नरेवेल कर्मचारी के रूप में काम करता था और दुकान खोलने रक्षित रोजगार की जिम्मेदारियां रामाशता था। गुरुवार सुबह रोहित ने दुकान खोली। दोपहर में जब देवांश दुकान पहुंचे तो कर्मचारी वहां नहीं मिला।

काफी देर तक तलाश करने और परिजनों से जानकारी लेने के बाद देवांश को संदेह हुआ। उन्होंने दुकान का लॉकर चेक किया तो उसमें रखा हाल काम होना गायब मिला। इसके साथ ही लॉकर से 6 हजार रुपए नकद भी नहीं मिले। सोने की अनुमानित बाजार कीमत करीब 30 लाख रुपए बताई गई है।

देवांश ने रोहित से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन बंद मिला। इसके बाद जब वह कर्मचारी के घर पहुंचे तो वहां भी ताला लगा था। घटना की शिकायत मिलने पर पुलिस ने रोहित नरेवेल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मोबाइल लोकेशन और संभावित ठिकानों के आधार पर उसकी तलाश कर रही है।

कागजों पर मशीन, खाते से निकल गए 8.85 लाखाय बैंक मैनेजर समेत पांच पर केस

दीआर संवाददाता ■ भोपाल

बैंक ऑफ महाराष्ट्र की एमपी नगर शाखा में एमराल्डाई लोन के नाम पर कथित फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) भोपाल ने मामले में बैंक शाखा प्रबंधक समेत पांच लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। जांच में एक ऐसे लोन का मामला सामने आया, जिसमें 10 लाख रुपए की राशि मंजूर होने के बाद 8.85 लाख रुपए निकाल लिए गए, जबकि संबंधित महीन की खरीद नहीं हुई।जांच के अनुसार 21 मार्च 2024 को सिकायतकर्ता से बैंक शाखा में पहले से तैयार दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए गए। आरोप है कि लोन मंजूर करने से पहले न तो भौतिक सत्यापन किया गया और न ही महीन खरीदने वाली फर्म की जांच पड़ताल की गई। लोन की राशि सीधे कुछ ही मिनटों में कई खातों में ट्रांसफर कर दी गई।

महीन की जगह खरीद लोन-जार

ईओडब्ल्यू के पुलिसिक बैंक ने लोन की राशि विशाल इंटरप्राइजेज के खाते में जारी की। आरोप है कि महीन देने के बजाय खाता दूसरी फर्म गणेशजा मार्केटर्स के माध्यम से सिंडरायजर्स की ना के खाते में पहुंचाई गई।

अम्बर चौहान बने प्रदेश संयोजक

भोपाल। राज्य कर्मचारी संघ मध्य ने लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए अम्बर चौहान को प्रदेश संयोजक नियुक्त किया है। संघ के महामंत्री जितेंद्र सिंह और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव की सहमति से यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। अम्बर चौहान वर्तमान में जेपी सिंघा चिकित्सालय में फार्मासिस्ट के रूप में कार्यरत हैं।

टिन निगलने का बहाना कर अस्पताल पहुंचा कैदी, रात में भागने की कोशिश, पकड़ाया

दीआर संवाददाता ■ भोपाल

गर्भगृहम कॉटन जेल में दंडकैद की सजा काट रहे कैदी ने अस्पताल से भागने की कोशिश की। कैदी ने जेल अधिकारियों को टिन का टुकड़ा निगलने की बात बताई थी। इसके बाद जांच के लिए उसे पहले गर्भगृहम जिला अस्पताल और फिर भोपाल के हमीदिया अस्पताल भेजा गया था। वहां भर्ती होने के बाद उसने रात करीब 3 बजे भागने का प्रयास किया, लेकिन अस्पताल परिसर से बाहर निकलने से पहले ही पकड़ लिया गया।

जानकारी के अनुसार सेंट्रल जेल गर्भगृहम में बंद सजेद उर्फ रचित राजपूत (32) ने 14 सितंबर को टिन का टुकड़ा निगलने की जानकारी दी थी। जांच में शरीर के अंदर कोई वस्तु नहीं मिली। इसके बाद उसे आगे की जांच के लिए भोपाल रेफर किया गया और 15 सितंबर को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

रात करीब 3 बजे वह टॉयलेट गया और खिड़की से बाहर निकलकर चहलपहल के सहारे नीचे उतरने लगा। जानकारी मिलते ही अस्पताल परिसर में तलाश शुरू की गई। करीब एक घंटे की तलाश के बाद वह कार्डियक वार्ड पर पहुंचाइड्रेन के पास मिल गया और उसे दोबारा अस्पताल ले जे लिया गया।

मौसम सुबह बादल, दोपहर में धूप और शाम को बारिश ने बदला मौसम का मिजाज

दिन का तापमान 31.1 डिग्री पहुंचाय शनिवार को गरज-चमक के साथ 30 से 40 किमी की रफ्तार से चल सकती हैं हवाएं

दीआर संवाददाता ■ भोपाल।

राजधानी में शुक्रवार को मौसम का मिजाज दिनभर बदलता रहा। सुबह आसमान में बादल छाए रहे, लेकिन दोपहर होते-होते तेज धूप निकल आई। धूप के कारण तापमान में बढ़ोतरी हुई। इसके बाद शाम को मौसम ने फिर करवट ली और शहर के कई इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश हुई। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के कारण दिनभर उमस और गर्मी के बीच बारिश का दौर भी देखने को मिला।

शुक्रवार को शहर का अधिकतम तापमान 31.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केंद्र के पूर्वानुमान के अनुसार शनिवार को भी राजधानी में गरज-चमक की स्थिति बनी रह सकती है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है।



औसत से 101 मिमी ज्यादा बारिश

राजधानी में इस मानसून सीजन में अब तक 1132.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की जा चुकी है। यह सामान्य औसत बारिश से 101.4 मिलीमीटर अधिक है। सीजन की बारिश पिछले साल के कुल आंकड़े को भी पार कर चुकी है। मानसून की शुरुआत में देरी के बावजूद अगस्त और सितंबर में हुई अच्छी बारिश से राजधानी में बारिश का आंकड़ा तेजी से बढ़ा।

जुलाई में सामान्य से कम बारिश होने के कारण उस समय बारिश का कोटा पूरा नहीं हो पाया था। इसके बाद अगस्त में औसत से अधिक बारिश हुई। सितंबर में भी बारिश का दौर जारी रहने से सीजन का निर्धारित कोटा पहले ही पूरा हो गया। अब होने वाली बारिश सामान्य से अधिक यानी सरप्लस बारिश के रूप में दर्ज होगी।मौसम में बदलाव का असर आने वाले दिनों में भी दिखाई देने की संभावना है। मौसम विभाग ने गरज-चमक के दौरान लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी, प्रशासन ने किया अलर्ट

दीआर संवाददाता ■ भोपाल।

भोपाल कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के नाम से फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाए जाने का मामला सामने आया है। जिला प्रशासन के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से लोगों को सतर्क करते हुए इस प्रोफाइल को फॉलो या संपर्क नहीं करने और इससे मिलने वाले किसी भी संदेश का जवाब नहीं देने की अपील की गई है।

जानकारी के अनुसार, फेसबुक पर प्रियंक मिश्रा आईएएस नाम से प्रोफाइल बनाई गई है। प्रोफाइल में कलेक्टर के साथ एडीएम सुमित पांडेय और जिला पंचायत सीईओ इला सिंहनी की तस्वीर भी लगी है। जिला प्रशासन ने इसे फर्जी प्रोफाइल बताते हुए लोगों से इसे तत्काल रिपोर्ट और ब्लॉक करने को कहा है। इससे पहले भी भोपाल के तत्कालीन कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर लोगों से रुपए मांगने का मामला सामने आ चुका है। ठगों ने संबल योजना की राशि दिलाने के नाम पर डामीलों से 3 हजार से 50 हजार रुपए तक मांगे थे। भोपाल क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा रुपए ट्रांसफर किए जाने की बात भी सामने आई थी।



वल्लभ भवन के आसपास अतिक्रमण हटाया

इधर, नगर निगम ने रात में वल्लभ भवन के आसपास फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। कार्रवाई सांयकालीन अतिक्रमण निरोधी दस्ते के प्रभारी मालिर खान के नेतृत्व में की गई। वरिष्ठ अधिकारियों की मार्गदर्शी के बाद यह कार्रवाई किए जाने की जानकारी है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर भाद्रपद शुक्ल पक्ष08-2083 सीहोर, दिन शनिवार, दिनांक 19 सितंबर 2026

न्यूज गैलरी

जिले में ग्राम स्वास्थ्यएवंपोषण दिवस पर दी गई स्वास्थ्य सेवाएं

सीहोर। नगर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीहोर डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के दौरान बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जांच की गई। अभियान के अंतर्गत 0 से 1 वर्ष आयु के 689 बच्चों का टीकाकरण किया गया, जबकि 1 वर्ष से अधिक आयु के 295 बच्चों का वैकसीनेशन किया गया। इसके साथ ही 89 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई।

ग्राम नयापुरा में आज से तीन दिवसीय हनुमंत कथा

सीहोर। भगवान श्रीगणेश जन्मोत्सव के अवसर पर ग्राम नयापुरा में शनिवार से 21 सितंबर तक तीन दिवसीय संगीतमय श्री हनुमत कथा का आयोजन श्रद्धालुओं के सहयोग से किया जा रहा है। पंडित गणेशानंद महाराज श्री मुखारविंद से संगीतमय सैंकड़ोमुखी कथा का वाचन इस दिन दोपहर 12 से 3 बजे तक श्रीगणेश भवन परिसर नयापुरा में किया गया है।

सोलर लगाने का सस्ता अब कैंप में होगा आसान

सीहोर। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक ब्लॉक और तहसील स्तर पर सेवा सेतु कैंप लगाएगी। कैंप का शेड्यूल जारी हो गया है। कैंप का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाना है।

समर्थन मूल्य पर खरीफ फसल के पंजीयन 10 तक

सीहोर। कलेक्टर बालगुरु के. ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए किसान पंजीयन प्रक्रिया तय कर दी गई है। पंजीयन 15 सितम्बर से शुरू हो गए हैं। किसान 10 अक्टूबर तक पंजीयन करा सकेंगे। कलेक्टर ने किसानों से कहा है कि तय समय में पंजीयन करा लें।

89 गर्भवतियों की जांच, 689 बच्चों का टीकाकरण

सीहोर। स्वास्थ्य संस्थाओं में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के दौरान बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जांच की गई। अभियान के अंतर्गत 0 से 1 वर्ष आयु के 689 बच्चों का टीकाकरण किया गया, जबकि 1 वर्ष से अधिक आयु के 295 बच्चों का वैकसीनेशन किया गया। इसके साथ ही 89 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई।

निरीक्षण

शारदीय नवरात्रि मेले को लेकर प्रशासन अलर्ट, सलकनपुर में तैयारियों की समीक्षा

फिटनेस वाले वाहनों को ही मिलेगी अनुमति, वन क्षेत्र में श्रद्धालुओं की आवाजाही पर रहेगी रोक

डीआर संवाददाता॰सीहोर

शारदीय नवरात्रि के दौरान विजयासन देवी के दर्शन के लिए सलकनपुर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने मेला व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को भोपाल संभाग कमिश्नर वर्नीवाल शर्मा, भोपाल देहात डीआईजी राजेश मंगेल, कलेक्टर बालगुरु के. और एसपी सोनकली एसीना ने सलकनपुर पहुंचकर बैठक ली। अधिकारियों ने बालाघाट, सुरक्षा, स्वास्थ्य, पार्किंग, पेयजल और भीड़ प्रबंधन सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की।



फिटनेस जांच के बाद ही चलेंगे यात्री वाहन

बैठक में बालाघाट व्यवस्था को लेकर विशेष निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि श्रद्धालुओं के आवागमन में उनका जहां वाले टैक्सी वाहनों के आरटीओ से जारी फिटनेस प्रमाण पत्र ही जांच की जाए। केवल फिट और सही स्थिति वाले वाहनों को ही संचालन की अनुमति दी जाए। वाहनों में निर्धारित संख्या से अधिक सवारियों को बैठने पर रोक लगाने के साथ अधिक किराया वसूलने वालों पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पुराने और खराब स्थिति वाले वाहनों का संचालन नहीं किया जाएगा। वाहनों का संचालन प्रशिक्षित चालकों से कराने पर भी जोर दिया गया।

वन क्षेत्र में आवाजाही रोकने के निर्देश

सलकनपुर के चारों ओर वन क्षेत्र में श्रद्धालुओं की अनधिकृत आवाजाही रोकने के निर्देश दिए गए हैं। वनमंडलों से संबंधित स्थानों और पुलियाओं को चिन्हित किया जाएगा। वन वन मंडलाधिकारी को इन स्थानों पर उपवनमिर्यों की तैनाती लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

आवंलीघाट पर भी सुरक्षा के इंतजाम

अमरावता के आयाम पर अधिकारियों ने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए अधिकारियों ने घाट का निरीक्षण भी किया। स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को अधिक गहराई में जाने से रोकने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने को कहा गया। घाट पर पुलिस, होमगार्ड जवान और गोताखोर तैनात रहेंगे। आपात स्थिति से निपटने के लिए मोटर बोट की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त पार्किंग और संकेतक लगाने पर भी जोर दिया गया।

हेल्थ कैंप और एंबुलेंस रहेंगी उपलब्ध

कलेक्टर बालगुरु के. ने बैठक में स्वास्थ्य विभाग को श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए मेडिकल टीमों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। मेला परिसर में स्वास्थ्य केंद्र और एंबुलेंस की व्यवस्था करने को कहा गया। इसके साथ ही पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था, साफ-सफाई और भीड़ प्रबंधन को लेकर भी विशेष निर्देश दिए गए।

व्यवस्थाओं पर जोर

बैठक में पार्किंग, सिटलों, वाहनों, पुलिसकर्मी की व्यवस्था और श्रद्धालुओं के प्रवेश निकास पर भी चर्चा हुई। मेला प्रबंधन पर पुलिसकर्मी को व्यवस्थित तरीके से लगाने और पीक सिचुएशन के लिए पर्याप्तसंख्या में अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती लगाने के निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में प्रभात प्रियेष, एडीएम संजय सेन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

40 हजार भेजने का झांसा देकर खाते से 68,989 रुपए उड़ाए

डीआर संवाददाता॰अकोदिया।

परिचित बनकर फोन करने और निजी जानकारी बताकर भरोसा जीतने के बाद कपड़ा व्यापारी से साढ़ेचार लाख का गलत सामने आया है। आरोपी ने व्यापारी को उसके खाते में 40 हजार रुपए भेजने का झांसा दिया। इसके बाद व्यापारी से तीन बार में कुल 68,989 रुपए ट्रांसफर करा लिए। खाते से रकम कटने के बाद ठगी का पता चला। पीड़ित ने आरोपियों के थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

निजी जानकारी बताकर किया विश्वास

पीड़ित कपड़ा व्यापारी लोकेश के अनुसार फोन करने वाले ने कारोबार की शुरुआत में एक परिचित का नाम लिया। इसके बाद आरोपी ने उससे कहा कि ऐसी धार्मिक यात्राओं कराई, जिससे उसे लगा कि फोन वाले वाकई कारोबार में उसके परिचित का जानकार है। इसी कारण उसने आरोपी की बात पर भरोसा कर लिया।

40 हजार भेजने की बात कहकर कराया ट्रांसफर

पीड़ित के दोस्त आरोपी ने कहा कि वह अपने के खाते में 40 हजार रुपए भेज रहा है। उसकी बात पर भरोसा कर लेने से उसने मोहल्ले के कुछ लोगों से पैसे मंगवाए और 20 हजार रुपए ट्रांसफर कर दी। पहली बार 20 हजार, दूसरी बार 19,989 रुपए और तीसरी बार 29,000 रुपए ट्रांसफर किए गए। इस तरह खाते से कुल 68,989 रुपए निकल गए। रुपए ट्रांसफर होने के बाद लोकेश ने मोबाइल बैंकिंग एप पर खाते का बैलेंस चेक किया। खाते में 40 हजार रुपए जमा होने की कोई एंट्री नहीं थी। इसके अलावा उसके खाते में 68,989 रुपए कम हो चुके थे। इसके बाद उसे ठगी का अहसास हुआ।

पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

पीड़ित ने मामले की शिकायत अशोरिया थाना पुलिस से की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस टेल-टेल और फोन कॉल की कुंडली खंगाल रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी आरोपी सामने आएंगे, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

विवाद में युवक की मौत, पेट में चाकू लगने की बात, हमीदिया भेजा शव

डीआर संवाददाता॰बुदनी।

रेहटी थाना क्षेत्र के ग्राम मुरोत में शुक्रवार शाम विवाद के बाद 27 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक को घायल अवस्था में संयुक्त चक्र के लोग रात करीब 9 बजे बुदनी सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते पर एसडीओपी रवि शर्मा भी अस्पताल पहुंचे।

मृतक की पहचान अर्जुन वीर पिता छोटेलाल, निवासी पाल्या खाडी, थाना टिमरुनी, जिला नर्मदापुरम के रूप में हुई है। करीब छह वर्ष पहले अर्जुन का विवाह मुरोत निवासी पूजा से हुआ था। दंपती के दो छोटे बच्चे हैं। अर्जुन ट्रैक्टर में काम करता था और कुछ दिन पहले पत्नी के साथ ससुराल में आयोजित रसोई कार्यक्रम में शामिल होने आया था। वह करीब पांच दिनों से मुरोत में रुका हुआ था।

विवाद के दौरान पेट में चाकू लगने की बात

परिजनों के अनुसार गुरुवार को अर्जुन का सास्पास पक्ष के लोगों से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी दौरान उसके पेट में चाकू लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सास्पास पक्ष के लोग उसे बुदनी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के पश्चिमी ने घटना की परिस्थितियों पर संदेह जताते हुए हत्या की आशंका जताई और मामले की जांच की मांग की।

मर्ग कायम, हमीदिया भेजा शव

घटना रेहटी थाना क्षेत्र की होने के बावजूद उच्च बुदनी अस्पताल लाए जाने पर बुदनी पुलिस ने मर्ग जांरी पर आगाज किया है। परिजनों ने बुदनी में पोस्टमार्टम कराने से इनकार करते हुए तत्र हमीदिया अस्पताल भेजने की मांग की। पुलिस ने इस पोस्टमार्टम के लिए हमीदिया भेज दिया। रेहटी पुलिस मामले की जांच कर रही है। घोटनाक्रम स्थिरे और जांच के बाद ही पीड़ के कारण और सटना की परिस्थितियां स्पष्ट हो सकेंगी।

अनंत चतुर्दशी चल समारोह को भव्य बनाने की तैयारी, अखाड़ों में दिखेगा शौर्य

डीआर संवाददाता॰सीहोर।

अनंत चतुर्दशी चल समारोह को इस वर्ष भव्य, आकर्षक और अनुशासित बनाने के लिए सीहोर सांस्कृतिक मिलन मंच की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष रांघालाओं, झांकी निर्माताओं और सामाजिक प्रतिनिधियों ने सम्मलेह की तैयारियों पर चर्चा की। धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने के साथ अनेक से अधिक लोगों को भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।



अखाड़ों के शौर्य प्रदर्शन से जीवंत होगी परंपरा

मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्रपाल राय ने कहा कि अनंत चतुर्दशी का चल समारोह सीहोर की आस्था, संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि शहर के अखाड़े वर्षों से लोगों आयोजन की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्हीं अखिलाड़ी कला और एकतापूर्वक के महत्व को समझना श्रीगणेश की मांग के समान है। उन्होंने कहा कि सीहोर सांस्कृतिक रूप से संपन्न शहर है। सीहोर सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित कर नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। उन्होंने अखाड़ों और झांकी निर्माताओं से आयोजन को व्यवस्थित और सामंजस्य बनाने में सहयोग की अपील की।

गणेश समितियों से सहभागिता का आह्वान

बैठक में शहर की विभिन्न गणेश उत्सव समितियों से आगामी गणेश प्रतिमाओं के साथ भव्य शोभायात्रा में शामिल होने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि अंतिम दो दशिक समितियों की सक्रियता से सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समरसता का संदेश जाएगा। बैठक में समाजसेवी गुलशन सेन, संजय शर्मा, अखाड़ा संघ अध्यक्ष राजू सोनी, नवाब शाह, रामबाबू सक्सेना, नरेंद्र गोलानी, प्रदीप नागदे, अन्नन दुबे और प्रदीप नागिया सहित अखाड़ा संचालक एवं झांकी निर्माता मौजूद रहे।

आबकारी एक्ट के फरार आरोपी को पुलिस ने पकड़ा, जेल भेजा

डीआर संवाददाता॰सीहोर

जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण और बिक्री के खिलाफ आबकारी विभाग की कार्रवाई जारी है। कलेक्टर बालगुरु के. के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने जावर जोन क्षेत्र में शराब जब्ती के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जिला आबकारी अधिकारी दीपसिंह राठौर ने बताया कि आष्टा दूत के सहायक जिला



आबकारी अधिकारी राजेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में जावर जोन स्थित एक शिक्षावती मकान पर कार्रवाई की गई थी। यहां से विभिन्न ब्रांड की 135 लीटर देसी और विदेशी शराब जब्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। कार्रवाई के दौरान मनराज प्रजापती को गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि लोहित प्रजापति मौके से फरार हो गया था।

फरार आरोपी को नकान से पकड़ा

आबकारी दल ने फरार आरोपी लोहित प्रजापति को उसके मकान से गिरफ्तार किया। न्यायालय ने पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहने की बात कही है।

भैरूंदा में भी तीन प्रकरण दर्ज

इसी क्रम में भैरूंदा दूत के ग्राम नुजरपुर से 12 पव देसी शराब और 210 किलोग्राम महुआ लहान जब्त किया गया। ग्राम रमलाखार से 5 लीटर हथभट्टी कच्ची शराब और 40 किलोग्राम महुआ लहान बरामद हुआ। दोनों स्थानों की कार्रवाई संबंधित कुल तीन प्रकरण दर्ज किए गए।

सीहोर मंडी में सोयाबीन 5,978 रुपए तक, कुरावर में 5,935 रुपए भाव

डीआर संवाददाता॰सीहोर

शुक्रवार को सीहोर और कुरावर कृषि उपज मंडियों में विभिन्न कृषि जिंसों की आवक रही। सीहोर मंडी में कुल करीब 11,001 क्विंटल कृषि उपज की आवक दर्ज की गई। वहीं कुरावर मंडी में कुल 401 क्विंटल उपज की आवक हुई। किसानों को जिंसों की गुणवत्ता के अनुसार अलग-अलग भाव मिले।

सीहोर मंडी में सोयाबीन का मॉडल भाव 5,951 रुपए प्रति क्विंटल रहा। 1,226 क्विंटल आवक रही। इसके न्यूनतम भाव 4,011 रुपए और अधिकतम 5,978 रुपए रहे, जबकि मॉडल भाव 5,951 रुपए प्रति क्विंटल रहा। मूंग की 30 क्विंटल आवक में अधिकतम भाव 7,140 रुपए और मॉडल भाव 7,100 रुपए रहा। सरसोंघाई की 17 क्विंटल आवक हुई और अधिकतम भाव 7,676 रुपए रहा।

सेहू की विभिन्न किस्मों में लोकवन का अधिकतम भाव 4,200 रुपए, मालवशाह का 2,780 रुपए और सीहोर सेहू का 2,737 रुपए प्रति क्विंटल रहा। पपया लाल का अधिकतम भाव 6,355 रुपए तथा चना सर्वोच्च का 6,712 रुपए रहा।

कुरावर में सरसों 7,480 रुपए तक सुरावर मंडी में 203 क्विंटल सेहू की आवक हुई।

कुबेरेश्वरधाम में आज राधाष्टमी महोत्सव, दोपहर 12 बजे होगी महाआरती

पं. प्रदीप मिश्रा ने कहा- धन नहीं, चरित्र है मनुष्य की सबसे बड़ी पहचानय 56 भोग के साथ होगा विशेष आयोजन

डीआर संवाददाता॰सीहोर

कुबेरेश्वरधाम में राधाष्टमी महोत्सव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शनिवार को धार्मिक अनुष्ठानों के साथ पर्व मनाया जाएगा। सुबह विधि-विधान से भगवान को 56 भोग अर्पित किए जाएंगे। दोपहर 12 बजे कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में महाआरती होगी। इसके बाद शाम 4 बजे से श्रद्धालुओं के लिए दर्शन का क्रम शुरू किया जाएगा।

शुक्रवार शाम बाबा की आरती के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्रद्धालुओं को चरित्र और सदाचार का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि मनुष्य की सबसे बड़ी पहचान उसका धन नहीं, बल्कि उसका चरित्र है। उन्होंने श्रद्धालुओं से जीवन में सदाचार, संयम और अच्छे आचरण को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि चरित्र की रक्षा करने से ईश्वर की कृपा बनी रहती है और जीवन के कष्टों का निवारण होता रहता है।



मुरली मनोहर मंदिर में विशेष श्रृंगार

राधाष्टमी के अवसर पर कुबेरेश्वरधाम के मुरली मनोहर मंदिर में भगवान शिव-पार्वती, भगवान राम-सीता और भगवान कृष्ण-राधा की प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया गया है। समिति के पदाधिकारियों और सेवकों ने शुक्रवार को धार्मिक विधि-विधान के साथ तैयारियां पूरी कीं। प्रतिमाओं को चांदी और सोने से निर्मित पोशाकों से सजाया गया है।

भजन-कीर्तन और आतिशबाजी होगी

विशेष सेवा समिति के पीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित गामा ने बताया कि राधाष्टमी पर सुबह से शाम में भजन-कीर्तन का आयोजन होगा। श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की गई है। महाआरती के बाद शाम को दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का प्रवेश शुरू होगा। फोन-बाजी और आतिशबाजी के साथ राधाष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा।

कुबेरेश्वरधाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव को जल अर्पित कर अपनी श्रद्धा प्रकट करते हैं। राधाष्टमी के आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक सजावट और व्यवस्थाएं की गई हैं।

बाजार में जगमगाए दीप, दुकानदारों ने जलाया आशीर्वाद का दीप

डीआर संवाददाता॰सीहोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार रात शहर के बाजार में 'आशीर्वाद का दीप' कार्यक्रम आयोजित किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और दीप प्रज्वलित किए।

दुकानों के बाहर रोशन हुए दीप

गौरव सन्नी महाजन के आह्वान पर अटल बिहारी वाजपेयी चौराहे से बड़ा बाजार तक बड़ी संख्या में दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर दीप जलाए। दीपों की रोशनी से बाजार जगमगा उठा। दुकानदारों और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की।



नागरिक हुए शामिल

कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेहरा, जिला प्रभारी विकास विरानी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। शहर के बाजार में दुकानदारों की सहभागिता से कार्यक्रम में जनभागीदारी भी दिखाई दी।

न्यूज गैलरी

राधास्वामी आज, राधाजी का होगा पंचामृत अभिषेक

आष्टा 19 सितंबर को राधास्वामी के अवसर पर आनंद धाम सुवासरा में राधाजी का जन्मोत्सव पूरश्रद्धा से मनाया जाएगा। दोपहर 12 बजे श्री राधाजी का जन्मोत्सव और पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद महाआरती संपन्न होगी। रात्रि 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन शुरू होगा। आयोजन को लेकर पं. महामी शंकर शर्मा, कन्हैया लाल शर्मा, आचार्य गजेंद्र शर्मा धर्मशिकारी, शानेंद्र गुरुगल, वृत्तेश शर्मा, आनंद हरि शर्मा, राज भायसुर, यश कनाडाल और पेंच शर्मा आदि ने अधिक संख्या में पहुंचकर सम्मेलन लेने का आह्वान किया है।

निशान के विशाल जुलूस से गूंजेगा बगड़ावद

आष्टा। इस वर्ष भी ग्राम बगड़ावद में बाबा रामदेवजी के मंदिर में रामदेवजी की दशमी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाएगी। ग्राम पंचायत बगड़ावद के सरपंच प्रतिनिधि रामचंद्र पंवार ने बताया कि 21 सितंबर को दशमी के अवसर पर ग्राम में निशान का विशाल जुलूस निकलेगा। इसके बाद मंदिर पर निशान चढ़ाया जाएगा। मंदिर में आरती होगी और आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। दशमी पर गांव वाले परिवार मंदिर पहुंचकर तुलादान करेंगे। सरपंच प्रतिनिधि रामचंद्र पंवार ने सभी से आयोजित कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सम्मेलन लेने की अपील की है।

ढाल में हो रही भगवान गणेश की अराधना

आष्टा। श्री सिद्धि सिद्धि गजानंद संकल्प के संरक्षक किशन कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 11 वर्षों से बापरास्ता पीपाली पर गणेशोत्सव कार्यक्रम विशाल रूप से मनाया जाता है, संदल अध्यक्ष संजय मेवाड़ा के नेतृत्व में गणेशोत्सव मनाया जा रहा है, भगवान जगन्नाथ जी, सलभद्र, सुभद्रा, विष्णु जी के विराट स्वरूप गणेश जी की मूर्ति की स्थापना की गई है पूरे पंडाल को रंगीन लाइट से सजाया गया है। धर्माधिकारी गजेन्द्र शास्त्री जी के द्वारा गणेश जी का अभिषेक, पूजन आरती कराई जाती है, कार्यक्रमों के संचालन संयोजक राहुल पंवार ने बताया कि 22 सितंबर को भगवान वेंकटनारायण की कथा और 28 सितंबर को प्रहलाद सिंह प्रजापति की भजन संध्या रखी गई है, संदल की महिला सदस्यों द्वारा सुंदर भजन की प्रस्तुति दी जाती है, संदल के सक्रिय कार्यकर्ता राकेश प्रजापति, कमलसिंह मालवीय, ओमप्रकाश प्रजापति, महेश मेवाड़ा, अर्जुन प्रजापति, मुकेश वर्मा, राजेश मेवाड़ा, मुकेश प्रजापति, सुनील मालवीय रात दिन कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे है।

संवाद किया

देवास और आष्टा के दो किसानों ने लाई नई फसल, 32 क्विंटल की बिक्री

आष्टा मंडी में नई सोयाबीन की पहली आवक, 5,836 रुपए तक पहुंचा भाव

डीआर संवाददाता•आष्टा

खरीफ सीजन की नई सोयाबीन की आवक का शुक्रवार को आष्टा कृषि उपज मंडी में श्रीगणेश हुआ। ग्राम सुहर्द में दो किसान नई सोयाबीन लेकर मंडी पहुंचे। पहली बोली में सोयाबीन का अधिकतम भाव 5,836 रुपए प्रति क्विंटल रहा। नए सीजन की फसल को मिले 5 हजार रुपए से अधिक के भाव से किसानों को अच्छी कीमत की उम्मीद बंधी है। मंडी में करीब 25 व्यापारियों ने बोली प्रक्रिया में हिस्सा लिया।

दो किसानों ने लाई 32 क्विंटल सोयाबीन

पहली आवक में हीरापुर, तहसील तलौंजिया, निवासी देवास निवासी किसान गोपाल सिंह 25 क्विंटल सोयाबीन लेकर आष्टा मंडी पहुंचे। उनकी उपज को दीक्षा ट्रेडर्स ने 5,836 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा। वहीं नीलबड़, तहसील आष्टा निवासी किसान सिताब सिंह 7 क्विंटल सोयाबीन लेकर पहुंचे। उनकी उपज सिमरन एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड ने 5,575 रुपए प्रति क्विंटल में खरीदी। इस तरह पहले दिन कुल 32 क्विंटल नई सोयाबीन मंडी में आई।



व्यापारियों के अनुसार क्षेत्र में सोयाबीन की फसल पकने की स्थिति में पहुंच गई है। आने वाले दिनों में कटाई शुरू होने के साथ मंडी में नई सोयाबीन की आवक बढ़ने की संभावना है। हालांकि मंडी प्रशासन ने सीजन को लेकर अभी व्यवस्थाएं शुरू नहीं की हैं। प्रशासन का कहना है कि सीजन शुरू होने से पहले आवश्यक इंतजाम पूरे कर लिए जाएंगे।

पीला मोजेक और वीट प्रकोप से बढ़ाई चिंता

क्षेत्र में सोयाबीन की फसल पर पीला मोजेक सहित अन्य कीटों का प्रकोप किसानों के लिए चिंता का कारण बना हुआ है। प्रभावित फसल से नुकसान को लेकर किसान लहरीले कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन भी दे चुके हैं। बारिश के बाद खेतों में खरपतवार और वीट नियंत्रण के लिए किसान दवाओं का छिड़काव कर रहे हैं। इसके चलते कीटनाशक दुकानों पर भीड़ बढ़ी है।

कुछ किसानों ने गांवों में बिना लाइसेंस दवाओं की बिक्री होने का आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि कृषि विभाग को ऐसी दुकानों की जांच कर कार्रवाई करनी चाहिए।

99,700 हेक्टेयर से अधिक में हुई बोवनी

इस खरीफ सीजन में आष्टा क्षेत्र में 1 लाख 2 हजार 88 हेक्टेयर में सोयाबीन बोवनी का लक्ष्य रखा गया था। इसके मुकाबले 99 हजार 700 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सोयाबीन की बोवनी हुई है। लगातार बारिश के बावजूद कई होनों में फसल की स्थिति अच्छी बताई जा रही है।

कृषि विभाग के एसडीओ वीएस मेवाड़ा के अनुसार वीट प्रभावित क्षेत्रों में किसानों को फसल की स्थिति के अनुसार दवाओं के उपयोग की सलाह दी जा रही है। विभाग को इस बार क्षेत्र में सोयाबीन के अच्छे उत्पादन की उम्मीद है।

वार्ड-2 में 43.30 लाख के विकास कार्यों की शुरुआत

बारिश से जर्जर हुई सड़कों के साथ गलियों का भी होगा निर्माण, इंदिरा नगर में भूमिपूजन

डीआर संवाददाता•सीहोर

शहर के वार्ड क्रमांक 2 में जर्जर हो चुकी सड़क और गली निर्माण कार्यों को जल्द गति मिलेगी। नगर पालिका परिषद की ओर से करीब 43.30 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। बारिश के कारण कई दिनों से सड़कों की जर्जर हो गई थी, जिससे रहवासियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

तीन स्थानों पर होंगे निर्माण कार्य

जेसन ने जहां भूमिपूजन किया है वे पद से सेन्ट्रो तक करीब 530 लम्बा मीटर की लम्बाई में गली निर्माण कराया। इंदिरा नगर में करीब 8 लाख रुपए से सड़क का निर्माण होगा। वहीं देवनगर कॉलोनी में लगभग 30 लम्बा मीटर की लम्बाई में आरसी सीसी का निर्माण किया जाएगा। निर्माण कार्य पूरे होने के बाद क्षेत्र में आवागमन और जल निकासी की व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद है।

प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं पर जोर



नगर पालिका अध्यक्ष दिव्य पटेरिया ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में नागरिकों की जरूरत के अनुसार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सड़क, पानी, निकासी और रखरखाव जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि विकास कार्य किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि आवश्यकता के आधार पर सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से काम कराया जाएगा।

अध्यक्ष ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण कराने हुए सीहोर को मेडिकल, स्वच्छ और सुविधायुक्त शहर बनाने के लिए नगर पालिका लगातार प्रयास कर रही है। आने वाले समय में विकास कार्यों की गति और बढ़ाई जाएगी।

भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष रविंदर सावरा, पार्षद राजेश साहनी, कमलेश राठौर राकेश सोनी सहित अन्य पार्षदगण, नागरिक और वरिष्ठजन मौजूद रहे।

नपा कर्मचारियों ने बप्पा को सौंपा प्रार्थना पत्र, कहा- परिवारों के सामने खड़ा हुआ

कर्मचारियों ने गणेशजी को प्रार्थना पत्र सौंपकर वेतन की समस्या दूर होने की कामना की।

डीआर संवाददाता•सीहोर।

नगर पालिका परिषद सीहोर के कर्मचारियों को कई महीनों से वेतन नहीं मिलने के कारण आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अपनी समस्या के निराकरण के लिए कर्मचारियों ने शुक्रवार को अनोठी तलैया के भगवान गणेश के समक्ष गुहार लगाई। कर्मचारियों ने गणेशजी को प्रार्थना पत्र सौंपकर वेतन की समस्या दूर होने की कामना की। वह प्रार्थना पत्र मध्य प्रदेश कार्यकारिणी एवं दैनिक वेतन भोगी स्थाई कर्मी अखिल महासंघ एवं भारतीय मजदूर संघ जिला सीहोर के बैनर तले सौंपा गया। इसमें नगर पालिका के विभिन्न कर्मचारी शामिल हुए।कर्मचारियों ने प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया कि हर वर्ष नगर पालिका परिषद के प्रांगण में जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों द्वारा गणेश गणेश की स्थापना की जाती है। इसी परंपरा को लहत उन्होंने बप्पा से प्रार्थना की कि नगर पालिका प्रशासन को सद्बुद्धि मिले और कर्मचारियों के रुके हुए वेतन का भुगतान जल्द हो।



कर्मचारियों का कहना है कि समय पर वेतन नहीं मिलने से उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट की स्थिति बन गई है।

75 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पेंशनर्स को अमृत महोत्सव में शाल, श्रीफल और सम्मान पत्र

एसबीआई पेंशनर्स एसोसिएशन की वार्षिक सभा आज, 13 वरिष्ठ सदस्यों का होगा सम्मान

डीआर संवाददाता•सीहोर

भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन की सीहोर इकाई की वार्षिक आम सभा एवं अमृत महोत्सव सम्मान समारोह रविवार को अपराह्न 3 बजे से होटल संस्कृति में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम शुरुआ 10 बजे शुरू होगा।

आयोजन की तैयारियों को लेकर बहियाखेड़ी स्थित इकाई अध्यक्ष हरीश अग्रवाल के निवास पर बालकों की बैठक हुई। इसमें कार्यक्रम की रूपरेखा, अतिथियों के आगमन और जानकारों को लेकर चर्चा की गई।

75 वर्ष पूर्ण करने वाले पेंशनर्स का सम्मान

एसोसिएशन के सचिव राधुनाथ सिंह वर्मा और कोषाध्यक्ष गिरजेश शर्मा ने बताया कि अमृत महोत्सव के तहत 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 13 वरिष्ठ सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा।

इनमें निर्मला बुन्दे, इला वर्मा, कुसुम बालल, एलएन हुसैन, मोहि चतीवाल, मोहन रेकवार, अशोक भोया, सतेंद्र सिंह कर वैयारिया को अतिथ सम्मिया गया।

भोपाल सर्किल पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में आयोजन

कार्यक्रम भोपाल सर्किल के अध्यक्ष सीके गोयल, उपाध्यक्ष मदन जैन व विजय रंगनेकर, महासचिव सुशील त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में होगा। बैठक में अतिथियों की सूची तैयार करने के साथ अन्य व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने सदस्यों से समयानुसार कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

बैठक में आरती वर्मा, अशोक बरेला, महेश तिवारी, अशोक पाटीवाल, गिरजेश वर्मा, आरएस वर्मा, सतेंद दासोरिया, जीएस सिसोदिया, पवन मौरसिया, एलएन बरेला, सतीश रेकवार, सतीश ठाकरे, नरेश मालूर और आरती प्रजापति सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

मंडला ने छिंदवाड़ा को 2-0 से हराकर किया फाइनल में प्रवेश



डीआर संवाददाता•सैलाना

आजाद मैदान मैदान पर जारी स्वर्गीय जैलाल नारायण सांघन स्मृति राज्य स्तरीय अंडर-14 फुटबॉल प्रतियोगिता में मंडला ने जबलपुर में जगह बना ली। मध्य प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में चल रही प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल में मंडला ने छिंदवाड़ा को 2-0 से हराया। मंडला की ओर से सिद्धार्थ उइके ने दोनों गोल किए।

मैच के दौरान जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव कन्हैयालाल सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी शिवांशु दीक्षित ने बताया कि शनिवार को दोपहर 3:30 बजे प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला भोपाल और मंडला के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमों ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया है। प्रतियोगिता का आयोजन छह दिवसीय रूप से शुरू हुआ था। अब तक इसमें 27 मैच खेले जा चुके हैं।

सलकनपुर में जन-विश्वास शिविर, मौके पर समस्याएं सुनकर अफसरों ने दिए समाधान के निर्देश

डीआर संवाददाता•सीहोर

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत सलकनपुर में शिविर एवं क्षमता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें भोपाल संभाग कमिश्नर कमलेश्वर शर्मा, डीआईजी भोपाल देहात राजेश चंदेल, कलेक्टर बालचुन्द के. और पुलिस अधिकक्ष सोनवी राकरोना शामिल हुए। अधिकारियों ने विभिन्न विभागों के लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और शामीनों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं एवं आवश्यकताएं जानीं।

अधिकारियों ने कहा कि अभियान का उद्देश शासन की योजनाओं और संसाधनों का लाभ पात्र लोगों तक सरलता से पहुंचाना है। शिविर में आने वाले पात्र किसानों की समस्याओं का यथासंभव मौके पर निराकरण किया जाए और उन्हें संबंधित योजनाओं से जोड़ा जाए।



मुख्य विकास एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुशील कुमार भारतीया, पंचायत सीनी, मंडला मंडूर, रामकंपर मालवीय, पीयूष सिंह चंदेरिया और मोहा मंद तिवारी शामिल हैं। सभी को शाल, श्रीफल और सम्मान पत्र भेंट किए जाएंगे।



कार्यक्रम में आरती वर्मा, अशोक बरेला, महेश तिवारी, क्रांतिवीर पाटीवाल, गिरजेश वर्मा, आरएस वर्मा, सतेंद दासोरिया, जीएस सिसोदिया, पवन मौरसिया, एलएन बरेला, सतीश रेकवार, सतीश ठाकरे, नरेश मालूर और आरती प्रजापति सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

गोपालपुर में किसान स्वराज संगठन का प्रदर्शन, रैली निकालकर अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

फसल बीमा और बिजली लाइनों की मांग को लेकर 500 किसान सड़क पर उतरे

डीआर संवाददाता•कन्हैया

किसानों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर शुक्रवार को किसान स्वराज संगठन के बैनर तले गोपालपुर में प्रदर्शन किया गया। कृषि उपज मंडी में सभा के बाद किसानों ने रैली निकाली और बस स्टैंड पहुंचकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। आंदोलन में करीब 500 किसान शामिल हुए।

फसल बीमा राशि दिलाने की मांग



किसानों ने केंद्रीय कृषि कल्याण मंत्री शिवराजसिंह चौहान और कलेक्टर के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार सौरभ शर्मी, एसडीओपी रोशन जैन और नायब तहसीलदार आरती सोलंकी को सौंपा। किसानों ने राम इटावा-इटासी में किसान के साथ कथित गाली-गलौज और मारपीट के मामले में संबंधित पटवारी पर कार्रवाई की मांग की।

किसानों ने वर्ष 2025 में अतिवृष्टि से खराब हुई सोयाबीन फसल की बीमा राशि गोपालपुर, बोरखेड़ा, जाटगुड़ाई सहित अन्य गांवों के किसानों को दिलाने की मांग की। साथ ही वर्ष 2018 से अब तक बीमा मुआवजे से वंचित किसानों के मामलों की जांच कराने की मांग रखी।

प्रभावित फसलों का सर्वे कर मुआवजा मांगा

किसानों ने जीट प्रशोप से प्रभावित धान, मक्का और सोयाबीन फसलों का सर्वे कर मुआवजा देने की मांग की। इसके अलावा मक्का, सोयाबीन और धान की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की घोषणा करने तथा भावांतर योजना बंद करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही।

16 हजार से ज्यादा लोगों की आंखों की जांच, 5,216 को मिले मुफ्त चश्मे

डीआर संवाददाता•सीहोर।

सीहोर। जिले में 40 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को निकट दृष्टि दोष की समस्या से सहत दिलाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रेसबायोपिया पायलट प्रोजेक्ट संचालित किया जा रहा है। अप्रैल 2026 से पैकांदा एवं इछावर विकासखंडों में चल रहे इस कार्यक्रम के तहत नागरिकों की निःशुल्क आंखों की जांच की जा रही है। आवश्यकता होने पर पात्र लोगों को निःशुल्क चश्मे भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुशील कुमार डेहरिया ने बताया कि कार्यक्रम शुरू होने के बाद से अब तक पैकांदा और इछावर विकासखंडों में कुल 16,306 लोगों की आंखों की जांच की जा चुकी है। जांच के दौरान 5,216 लोगों में प्रेसबायोपिया यानी निकट दृष्टि दोष पाया गया, जिन्हें आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराए गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार वर्तमान में यह पायलट प्रोजेक्ट जिले के दो विकासखंडों में संचालित है। इसके सकारात्मक परिणामों को देखते हुए इसे शीघ्र ही पूरे सीहोर जिले में विस्तारित करने की तैयारी है। विस्तार के बाद जिले के नागरिकों को अपने नजदीक ही आंखों की जांच और चश्मा वितरण की सुविधा मिल सकेगी।

नजदीकी केंद्र पर कराएं जांच

सीएमएचओ डॉ. डेहरिया ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि 40 वर्ष से अधिक आयु के लोग अपनी आंखों की नियमित जांच कराएं। इसके लिए वे नजदीकी आयुष्मान आरोग्य मंदिर अथवा शासकीय विजन सेंटर पर जाकर निःशुल्क नेत्र जांच करा सकते हैं।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, म्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | भाद्रपद शुक्ल पक्ष-08,2083 | विदिशा,दिन शनिवार दिनांक 19 सितंबर 2026

न्यूज गैलरी

वाटर वर्क्स फीडर पर आज एक घंटे बिजली बंद

विदिशा। ट्रांसफार्मर स्थापित करने के काम के चलते 19 सितंबर को शहर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 11 के.वी. वाटर वर्क्स फीडर से जुड़े बंजारपुरा, बस स्टैंड, पानकुंवा, शंकर नगर में सुबह 11 बजे से 12 बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। कंपनी ने कहा है कि जरूरत के अनुसार बिजली बंद रहने की अवधि बढ़ाई जा सकती है।

लता मंगेशकर की याद में संगीत संध्या 27 को

विदिशा। स्वर कोकिला स्व. लता मंगेशकर के 97वें जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर संगीतमय कार्यक्रम होगा। आयोजन का भान लता जी गीतांजलि संगीत संध्या रखा गया है। कार्यक्रम तीजोदय म्यूजिकल ग्रुप के साथ सार्वजनिक वाचनालय, तिलक पीक के संयुक्त तत्वावधान में होगा। तारीख 27 सितंबर तय की गई है।

संस्थान में सर्वधर्म समभाव व्याख्यान कल

विदिशा। गांधी यूनियन मॅन, सर्वोदय मण्डल की संयोगन रामलाल व्याख्यानमाला की दशम प्रस्तुति 20 सितंबर को सुबह 11 बजे होगी। स्थान गा हॉस्पिटल, फीलखनागर तय किया गया है। विषय अपने अपने ईश्वरीय संस्थान होगा।

यूपीआई भुगतान पर शुल्क से व्यापारी नाराज

विदिशा। 15 अक्टूबर से 2 हजार रुपए से अधिक के यूपीआई पर 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू होने की घोषणा के बाद जिले के व्यापारियों में असंतोष है। इस शुल्क का भुगतान व्यापारी करेंगे, ग्राहक से इसे वसूलने की अनुमति नहीं होगी। 75 हजार रुपए या उससे अधिक के लेन-देन पर शुल्क अधिकतम 300 रुपए होगा।व्यापारियों का कहना है कि कम मार्जन से संचालित छोटे कारोबार में यूपीआई का हरतेमाल बढ़ा है। राशनी विक्रेताओं, पान दुकानों से लेकर बड़े प्रतिष्ठानों तक डिजिटल भुगतान से लेन-देन आसान और पारदर्शी हुआ है। अब शुल्क लगने से कारोबारियों की लागत बढ़ेगी।

मप्र सरकार आज जारी करेगी स्कूटी के लिए राशि

विदिशामुख्यमंत्री स्कूटी योजना के तहत राज्य सरकार 19 सितंबर को प्रदेश भर के मेधावी छात्र-छात्राओं के बैंक खातों में स्कूटी खरीदने की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से ट्रांसफर करेगी।

एकजुट हुए व्यापारी: यूपीआई और नापतौल फीस बढ़ोतरी का विदिशा में विरोध किया

व्यापार महासंघ ने सरकार से प्रस्ताव वापस लेने की मांग

शुल्क और फीस बढ़ोतरी पर फिर से विचार किया जाए



डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

व्यापार महासंघ ने यूपीआई भुगतान पर प्रस्तावित शुल्क, नापतौल उपकरणों की फीस और जुर्माने में बढ़ोतरी के साथ सोने-चांदी की हॉलमार्किंग फीस का विरोध किया है। शुक्रवार को महासंघ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में व्यापारियों ने कलेक्टर को ज्ञापनसौंपी और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। व्यापारियों ने इन प्रस्तावित शुल्क और फीस बढ़ोतरी पर फिर से विचार करने की मांग की।

महासंघ ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों पर विचार नहीं हुआ, तो वे जन जागरूकता अभियान के साथ बड़ा आंदोलन करेंगे। व्यापार महासंघ के अध्यक्ष राकेश जैन ने बताया कि व्यापारी पहले से ही कई तरह के टैक्स और आर्थिक दबाव झेल रहे हैं। ऐसे में डिजिटल भुगतान, नापतौल और हॉलमार्किंग से जुड़े ये अतिरिक्त शुल्क उनकी परेशानी और बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि महासंघ ने तीन मुख्य मुद्दों पर ज्ञापन दिया है। व्यापारियों ने नापतौल की रासायना फीस 200 से 5 हजार रुपए करने के प्रस्ताव का भी विरोध किया है।

बढ़ोतरी अव्यावहारिक

व्यापार महासंघ ने नापतौल विभाग से जुड़े शुल्क और जुर्माने में प्रस्तावित बढ़ोतरी को भी अव्यावहारिक बताया।

हॉलमार्किंग फीस को लेकर भी आपत्ति जताई: रोने-चांदी की हॉलमार्किंग फीस को लेकर भी महासंघ ने आपत्ति जताई। व्यापारियों का कहना है कि हॉलमार्किंग शुल्क लगातार बढ़ाया गया है। महासंघ का कहना है कि इसका असर केवल सराफा व्यापारियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अंतत: उपभोक्ताओं पर भी लागत का असर पड़ सकता है। हालांकि बीआईएस की गाइडलाइन के मुताबिक ही जांच की जाएगी। हॉलमार्किंग फीस 45 रुपए प्रति आर्टिकल और चांदी की 35 रुपए प्रति आर्टिकल तय की है। इसलिए 15 रुपए की राशि किस नए प्रस्ताव या शुल्क के संदर्भ में है, इसकी आधिकारिक जानकारी से पुष्टि जरूरी है। महासंघ ने संयुक्त मंत्री विनोद शर्मा ने कहा कि विदिशा के 38 व्यापारिक संगठनों के नेतृत्व में व्यापारी इन मुद्दे को लेकर एकजुट हुए हैं।

राजेश जैन के अनुसार पुलकर्मी में इलेक्ट्रॉनल होने वाले छोटा-मोटा आदि उपकरणों की रासायना फीस पहले करीब 500 रुपए थी, जिसे बढ़ाकर 5 हजार रुपए करने का प्रस्ताव है। महासंघ का दावा है कि नापतौल उपकरण में तीसरी तरह की अतिरिक्तता या सील संबंधी कमी पाए जाने पर पहले करीब 2500 रुपए का जुर्माना था, जिसे बढ़ाकर एक लाख रुपए तक करने का प्रस्ताव है। जैन ने कहा कि जुर्माने में इतनी बड़ी बढ़ोतरी व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने कहा कि शुल्क और जुर्माने में वृद्धि के बजाय इन्हें तर्कसंगत रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन

व्यापार और मौत कपड़ार के वातरण पारंपरिक व्यापार पाले से प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहा है। ऐसे में नए-नए शुल्क लगाने से व्यापारियों की लागत बढ़ेगी। अतिरिक्त शुल्कों पर सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए। महासंघ ने सरकार से तीनों मुद्दों पर पुनर्विचार कर राहत देने की मांग

बोले: छोटे व्यापारियों और ग्राहकों पर असर पड़ेगा

महासंघ ने यूपीआई से 2 हजार रुपए से ज्यादा के लेनदेन पर लगाया 0.4 प्रतिशत शुल्क का विरोध किया है। संगठन ने कहा कि अब छोटे व्यापार में भी 2 से 3 हजार रुपए के बिल आम बात है। कई बार सामान बिकाना सामान की खरीदी का बिल भी 2 हजार रुपए से ऊपर पहुंच जाता है। उन्होंने कहा कि व्यापार में ही डिजिटल भुगतान को बढ़ावा दिया जा और व्यापारियों से इसे अपनाया। अब अगर इस पर अतिरिक्त शुल्क लगाया जाता है, तो इसका असर छोटे व्यापारियों और ग्राहकों पर पड़ेगा। महासंघ ने मांग की कि प्रस्तावित शुल्क को वापस लिया जाए या इसमें व्यापक राहत दी जाए। व्यापार महासंघ के पदाधिकारी नरेश सोनी, अशोक सिंहल उपाध्यक्ष कमलेश शाह के अलावा व्यापारिक संवेदना, विनय सिंह परमार, वैभव सक्सेना, विवेकानंद अग्रवाल, सोना बजेरिया, संजय सोनी, राजेश सराफ, मैथ्यू जैन, दिनेश तिवारी, मोहन सिंह रघुवंशी, अनुज जैन अन्नि जैन समेत अनेक पेशेवारी और मौजूद थे।

सिरोंज ईदगाह में दीये जलाने पर विवाद, मांगी सार्वजनिक माफी



डीआर संवाददाता ✍ सिरोंज

प्रशासनकी नोड़ल मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर की शाम शहर में विभिन्न स्थानों पर दीप जलाए गए। इसी दौरान सिरोंज की ईदगाह परिसर में भी नगरपालिका कर्मचारियों ने रोकर्ड दीपे जलाए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने आपत्ति जताई।

18 सितंबर को मुस्लिम समाज के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम, एसडीओपी कार्यालय और थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। ईदगाह ईंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष डॉ. जमील ने कहा कि ईदगाह में दीये जलाने से पहले कमेटी, शहर काजी या इमाम से अनुमति नहीं ली गई थी। प्रतिनिधिमंडल ने जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की।

मामले की जानकारी मिलते पर नगरपालिका सीएमओ सच्चाकाशा साहू थाने पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रशासन की बैठक में शहर की सजा प्रमुख जगहों पर दीप जलाने की योजना बनाई गई थी, जिसमें ईदगाह भी शामिल थी। नगरपालिका की ओर से ईदगाह की साफ-सफाई कराकर दीप जलाए गए थे।

सीएमओ ने स्वीकार किया कि ईदगाह की प्रबंधक कमेटी से अनुमति नहीं लेना चूक थी। उन्होंने डॉ. जमील, शहर काजी और अन्य जिम्मेदार लोगों की मौजूदगी में सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। इसका वीडियो भी बनाया गया। इसके बाद मुस्लिम समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सभी शिकायत कर मामला समाप्त करने पर सहमति जताई। दोपहर करीब 12:30 बजे प्रतिनिधिमंडल थाने से वापस लौट गया।

पोल शिफ्टिंग के चलते बासौदा के 15 इलाकों में बिजली बंद

डीआर संवाददाता ✍ गंजबासौदा।

गंजबासौदा शहर के करीब 15 इलाकों में 19 सितंबर शनिवार को बिजली सप्ताह प्रभावित रहेगी। बासौदा एसडीओ से संबंधित 11 केवी ट्रांसफार्मर सेंटर (सिटी) फीडर से जुड़े खंभों में पोल शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा। इसके चलते सुबह 10 बजे से 11:30 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

बिजली कटौती से गीता टॉकीज, नई बस्ती, रमेशचंद्र कॉलोनी, चामुंडा वाली गली, मालवी मार्केट, पोस्ट ऑफिस, ओल्ड बस स्टैंड, हॉस्पिटल, मधु नगरपालिका, कृष्णपुरा, सदर बाजार, हनुमान चौक, सावरकर चौक, नवाबपुर रहट वाली गली और चांदरी हॉस्पिटल क्षेत्र प्रभावित होंगे।

बिजली कंपनी के अनुसार कार्य की स्थिति के आधार पर कटौती की अवधि में बदलाव हो सकता है। काम पूरा होने के बाद प्रभावित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

झाड़ू से घाट चमकाया, बेतवा में उतरकर गंदगी निकाली

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार शुक्ल तेरस घाट पर प्रशासनिक अधिकारी ने खुद सफाई का मोर्चा संभाला। एसडीएम कमल सिंह और नगरपालिका सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर की अगुवाई में अधिकारियों व नेपा के सफाई कर्मचारियों ने सुबह 7 बजे से करीब ढाई घंटे तक घाट परिसर, सपेर्ट मार्ग और पेवाय नदी के तट की सफाई की।

अफसरों ने घाट पर झाड़ू लगाने के साथ जमकर झाड़ा। इसके बाद नेवा नदी में उतरकर जली हुई पूजन सामग्री, पॉलीथिन और जमा गंदगी बाहर निकाली। सुबह 9:30 बजे तक चले अभियान के बाद घाट और नदी का तट साफ नजर आया। अभियान में घाट की पार्क और आसपास के हिस्से के साथ नदी के भीतर जमा गंदगी भी हटाई गई।

अधिकारियों को सुद्ध सफाई करते देख घाट पर मौजूद नागरिकों और श्रद्धालुओं ने भी सफाई के प्रति जागरूकता का संदेश गया।

गोलू रैकवार युवक की मौत के मामले में चार गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा



विदिशा में 14 सितंबर को लड़ा एकेडमी, अशोकनगर रोड के पास रहस्यमय हालात में मिले 22 वर्षीय गोलू रैकवार की मौत के मामले में कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गोलू बेहोशी की हालत में मिला था। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। सूचकांक में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी।

पुलिस के अनुसार, परीक्षानी, चोलसी और आरोपकार के लोगों के बयान उभरे जांच में नशीला पदार्थ उपलब्ध कराने से जुड़े तथ्य सामने आने के बाद 16 सितंबर को सामले में बीएनएस की धारा 105 और 123 के तहत गैर-इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया। इसके बाद 17 सितंबर को सीरज सहोर, नीरज उर्फ पप्पा अहिरवार, हेमलता अहिरवार और अन्नू उर्फ रवि अहिरवार को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अब यह पता लगा रही है कि गोलू तक नशीला पदार्थ कहां से पहुंचा और इसकी पीछे कौन लोग जुड़े हैं। थाना प्रभारी आनंद राव के अनुसार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर अन्य संदिग्धों की भूमिका भी जांची जा रही है। परिवार ने इलाके में नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है।

सिरोंज में गणेश भक्ति का उत्साह, 31 झांकियां

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा



सिरोंज। गणेश उत्सव के दौरान सिरोंज शहर गणेश भक्ति में डूब गया है। मुख्य मार्गों पर भगवान गणेश की 31 झांकियां लगाई गई हैं, जबकि गली-मोहल्लों को मिलाकर 50 से अधिक पंडाल तैयार किए गए हैं। इनमें कई पंडाल बच्चों ने थीम आधारित सजाए हैं।

शहर का प्राचीन गणेश जी मंदिर श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र बना हुआ है। मंदिर के पुजारी पं. गजेंद्रीकांत शर्मा के अनुसार मंदिर की स्थापना संगर राजाओं द्वारा 11वीं सदी में कराई गई थी। मंदिर के बाहर बने चबूतरे पर लोग बैठकर बातचीत करते थे, जिसके कारण इसका नाम गणेश पी आवाई पड़ा।

मंदिर में 11 दिवसीय गणेश उत्सव के दौरान प्रतिदिन मगलान का अलग-अलग श्रृंगार किया जा रहा है। रात 8 बजे सांगीतमय आरती होती है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। शहर के विभिन्न पंडालों में भी धार्मिक आयोजन जारी हैं।

स्कूल के बाहर स्कूली वाहनों की जांच, क्षमता से अधिक बच्चे बैठाने पर कार्रवाई

डीआर संवाददाता ✍ गंजबासौदा।



शहर थाना पुलिस और यातायात पुलिस ने गुरुवार को बरेठा रोड स्थित सम्मा पूर्ण तुनुमान मंदिर वाली गली में स्कूली वाहनों की जांच का अभियान चलाया। शेष में दो निजी स्कूल होने के कारण यहां बड़ी संख्या में ऑटो और वैन से विद्यार्थियों का आना-जाना होता है।

पुलिस ने स्कूली ऑटो और वैन चालकों के बीच संबंधी दस्तावेजों की जांच की। साथ ही यह भी देखा गया कि वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को तो नहीं बैठाया जा रहा है। नियमों का उल्लंघन मिलने पर चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई।

शहर थाना निरीक्षक संजय वेदिया ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है। वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, क्षमता के अनुसार बच्चों को बैठाने और सावधानी से वाहन चलाने की हिदायत दी गई।

यातायात निरीक्षक निरंजन सिंह लोधी ने बताया कि अभियान के तहत स्कूलों की छुट्टी के बाद शाम को भी जांच की जाएगी। शहर के अन्य निजी स्कूलों के बाहर भी स्कूली वाहनों की जांच जारी रहेगी।

सेवा संकल्प अभियान पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

11 हजार दीपों से लिखा प्रधानमंत्री का नाम, 39 वार्डों में जले 21 हजार दीप

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को विदिशा में सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। बेतवा नदी किनारे स्थित प्रसिद्ध बाढ़ वाले गणेश मंदिर परिसर में 11 हजार दीपों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लिखा गया। वहीं शहर के सभी 39 वार्डों में 21 हजार दीप जलाकर अलग-अलग स्थानों को रोशन किया गया।

बाढ़ वाले गणेश मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक, भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। दीपों से की गई सजावट आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान नशामुक्ति को लेकर मुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। अनेकवासी ने लोगों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया।

विधायक मुकेश टंडन ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर देशभर में 'आशीर्वाद का एक दीप' जलाया जा रहा है।

विदिशा में भी नागरिकों ने 11 हजार दीप जलाकर प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि देश को वर्ष 2047 तक विकसित और सशक्त बनाने का संकल्प आगे बढ़ाना अभियान का उद्देश्य है।

टंडन ने बताया कि अभियान के तहत पूरे महीने केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के कार्यक्रम भी होंगे। कार्यक्रम में कलेक्टर अनुराग गुप्ता, पुलिस अधीक्षक रोहित कासवानी, प्रशासनिक अधिकारी, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद रहे।

पर्यूषण पर्व के तीसरे दिन 48 दीपों से भक्तांबर पाठ, महाआरती

डीआर संवाददाता ✍ गंजबासौदा।



पर्यूषण पर्व के तीसरे दिन शुक्रवार को नगरी चौक स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। दोपहर में 48 दीपों के साथ भक्तांबर पाठ किया गया। इस दौरान भक्तांबर के 48 काव्यों का पाठ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

शाम 7 बजे 48 दीपों से महाआरती की गई। इसके बाद दस लक्षण धर्म पर आधारित अध्ययन और धार्मिक अंताक्षरी का आयोजन किया गया। पर्व के तीसरे दिन उत्तम आर्जव धर्म की पूजा और आराधना की जाती है। मंदिर में प्रतिदिन मगलान का अभिषेक और पूजन श्रद्धालुओं द्वारा भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है। दोपहर में महिला मंडल की ओर से सामूहिक रूप से तत्वार्थ सूत्र ग्रंथ का वाचन भी किया जाता है।

श्री दीप सागर पाठशाला की बहनों द्वारा मंदिर में प्रतिदिन धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। धर्म सभा के दौरान उत्तम आर्जव धर्म के महत्व को समझाया गया। बताया गया कि आर्जव धर्म मन, वचन और कर्म में सरलता तथा निष्कपटता का संदेश देता है। व्यक्ति के मन में जो हो, वही उसके उत्तम और व्यवहार में भी दिखाई देना चाहिए।

धर्म सभा में बुजुर्ग श्री प्रकाश सागर जी महाराज के विचारों का भी उल्लेख किया गया। उन्होंने कहा कि बदलती तकनीक, सामाजिक प्रतिस्पर्धा और दिखावे के दौर में व्यक्ति बाहरी जीवन में व्यस्त रहते हुए भीतर से परेशान हो रहा है। ऐसे समय में सरलता और निष्कपटता जीवन के लिए महत्वपूर्ण है।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन | भाद्रपद शुक्ल पक्ष-08, 2082 | राजगढ, दिन रविवार,दिनांक 19सितंबर 2025

न्यूज गैलरी

स्कूटी पर अवैध शराब ले जा रहा था आरोपी, पकड़ा

कालीपीठ। कालीपीठ से माचलपुर की ओर स्कूटी पर 63 लीटर अवैध देसी शराब लेकर जा रहे युवक को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। उसके कब्जे से शराब की सात पेटियां और परिवहन में इस्तेमाल किया नंबर की होंडा एक्टिवा जब्त की गई। जब्त शराब और वाहन की कुल कीमत 1 लाख 95 हजार 600 रुपए बताई गई है।

चेकिंग में भागी कार से चोरी की तांबे की केबल बरामद

भादवार। बालखोड़ी चौराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने भागने का प्रयास कर रही बोलेरो को घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी में वाहन से चोरी की करीब 80 फीट तांबे की बिजली केबल बरामद हुई।

अनखकाला कर प्रदर्शन

राजगढ़। फूलीरी एवं अन्य विरोध और – आर्थिक आधार पर आरक्षण की मांग को लेकर रविवार को राजगढ़ में सवर्ण समाज संघर्ष मोर्चा के बैनर तले प्रदर्शन होगा। जिलेभर से माझम, पैरल, राजगढ़ और नरसिंगढ़ समाज के सदस्य राजगढ़ पहुंचेंगे। दोपहर 12 बजे गंगल मल्हार परिसर से रैली शुरू होगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेगी। यहां कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रदर्शन में आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने, सुप्रीम कोर्ट वेज बैंक और एट्रोसिटी एक्ट हटाने संबंधित मांगों पर जुड़े अन्य मुद्दे उठाए जाएंगे। रैली को लेकर जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में समाजजनों की बैठकें की जा रही हैं।

19 सितंबर को लगेगा कैंसर जांच शिविर

नरसिंहगढ़। भारत विकास परिषद, जावद वल्लभ नरसिंहगढ़ और मेहता आरोग्यम हास्पिटल के सहयोग से 19 सितंबर शनिवार को निशुल्क कैंसर जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर मेहता आरोग्यम हास्पिटल, छावनी भोपाल में लगेगा। सुबह 10:30 बजे कैंसर जागरूकता व्याख्यान होगा। इसके बाद 11 बजे से जांच शुरू होगी। एमसीजी हास्पिटल इंदौर के डॉक्टर जॉय विशेषज्ञ सर्जन डा. नवल गुप्ता और उनकी टीम सेवाएं देगी। शिविर में 50 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए ब्रेस्टेड कैंसर की नि:शुल्क जांच, मुफ्त दवा-वितरण करने वालों के गुंह की जांच तथा महिलाओं में बच्चेदानी संबंधी समस्या और अनियमित मासिकधर्म के लिए फ्री स्क्रीनिंग जांच निशुल्क की जाएगी। सुविधा पहले 90 मरीजों को मिलेगी।

सुसनेर उपचुनाव के कांग्रेस ने 5 नेताओं को प्रभारी बनाया

सुसनेर 29 सितंबर को होने वाले नगरीय उपचुनाव को लेकर कांग्रेस ने पांच नेताओं को चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी दी है। इनमें सांसद्दीर विधायक विपिन जैन, मंडीदीप विधायक विनेश जैन बोस, भोपाल विधायक आरिफ मसूद और अलावा पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह और विनायक सिंह शामिल हैं। कांग्रेस ने इन नेताओं को अलग-अलग वर्गों और क्षेत्रों में चुनावी समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी है। नगरीय क्षेत्र में 13 हजार से अधिक मतदाता हैं। कांग्रेस की ओर से नियुक्त चुनाव प्रभारियों में तीन विधायक और दो पूर्व मंत्री शामिल हैं। पार्टी नेताओं को अनुसार सभी प्रभारी आगामी 6 क्षेत्रों से जुड़े होने के साथ क्षेत्र की स्थानीय परिस्थितियों से भी परिचित हैं। ऐसे में उनके अनुभव का उपयोग चुनाव प्रचार और संगठनात्मक समन्वय में किया जाएगा।

बजट, राजस्व वसूली, जलप्रदाय सहित निर्माण कार्यों की समीक्षा की

कलेक्टर ने खांगाली माचलपुर नगर परिषद की फाइलें, लेखाकार को किया सस्पेंड

डीआर संवाददाता ■ माचलपुर

कलेक्टर निर्दिश कुमार सिंघा ने नगर परिषद माचलपुर का निरीक्षण कर अनियमितता व्यवस्थाओं एवं विभिन्न शाखाओं के कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सिंघा सर्वप्र लेखा शाखा पहुंचे और लेखा संबंधी कार्यों की जांच की। कलेक्टर डॉ. सिंघा ने लेखाकार श्री राम नगर की आईडी से लॉगिन कर खातों एवं किए गए भुगतानों की जानकारी का परीक्षण करते हुए चकाचौंक रह गए।

इस दौरान जिलाधीश ने समस्त बजट मदों की समीक्षा करते हुए प्रत्येक मद में स्वीकृत राशि, अब तक किए गए व्यय तथा शेष राशि की जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक मद में राशि का उपयोग किन कार्यों पर किया गया है तथा संबंधित नाम के विरुद्ध आवश्यक अभिलेख एवं भुगतान प्रक्रिया पूर्ण है या नहीं, इसकी भी जानकारी ली। इस दौरान परियोजना अधिकारी जिला



मॉनीटरिंग करने दिए निर्देश

इस दौरान ट्रकान निर्माण, अमृत 2.0 के अंतर्गत संचालित कार्य, डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन तथा अन्य स्वीकृत जलप्रदाय (ओएचटी) टैंक से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

कलेक्टर डॉ. सिंघा ने निर्माण / कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं निर्धारित समयसीमा के संबंध में आवश्यक जानकारी लेते हुए कार्यों की नियमित मॉनीटरिंग के निर्देश दिए।

जलप्रदाय व्यवस्था की भी विस्तार से हुई समीक्षा

कलेक्टर डॉ. सिंघा ने जलप्रदाय शाखा की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी से जलप्रदाय व्यवस्था में होने वाले कुल व्यय तथा जलकर से होने वाली वसूली की जानकारी मांगी। साथ एवं वसूली के संबंध में अपेक्षित जानकारी प्रस्तुत नहीं किए जाने पर कलेक्टर डॉ. सिंघा ने जलप्रदाय शाखा के प्रभारी से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही 17 युजनरी की नीलामी की ऑनलाइन प्रक्रिया की भी जांच की गई।

जिन 4-5 युकनगरों द्वारा भुगतान नहीं किया गया है, उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

स्वच्छता व्यवस्था को लेकर सीएमओ पर जताई नाराजगी

कलेक्टर डॉ. सिंघा ने नगर की स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी माचलपुर पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने स्वच्छता कार्य में लगी दो वाहनों की कार्यप्रणाली की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि दोनों वाहनों की जीपीएस लोकेशन की नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

गड्ढे भरे नहीं, स्पीड ब्रेकर पर लाखों का खेल ? निरीक्षण में खुली नगर परिषद की पोल

नगर परिषद माचलपुर की कार्यप्रणाली की शुरुआत को कलेक्टर डॉ. निर्दिश कुमार सिंघा के निरीक्षण में पहली खुली। लेखा शाखा में भुगतान और अभिलेखों की जांच के दौरान नगर परिषद द्वारा स्वीकृत गए रशीद ब्रेकर भी कलेक्टर के निशाने पर रहे। उन्होंने दुर्जीनियर की मोबिंद से प्रत्येक ब्रेकर की लागत, कुल खरीद और प्रक्रिया का पूरा विवरण मांगा। नगर में सड़क की स्थिति और गड्ढों के बीच स्पीड ब्रेकर की खरीद को लेकर जब सवाल खड़े हो गए हैं। परिषद को जवाब होगा कि कितने ब्रेकर खरीदे गए, किस दर पर खरीदे गए और कहां–कहां लगाए गए।

राजगढ़ और खुजनेर पुलिस टीम पर हमला, एएसआई समेत 3 घायल



डीआर संवाददाता ■ राजगढ

धरेलू हिंसा के एक मामले में आरोपियों को पकड़ने गई राजगढ़ एवं खुजनेर पुलिस टीमों पर हमले का मामला सामने आया है। इस हमले में जहां एक सब-इंस्पेक्टर घायल हो गए वहीं तीन अन्य पुलिसकर्मियों को भी चोटें आई हैं। मामले में खुजनेर एवं राजगढ़ थाने में सरकारीय कार्य में बाधा समेत अन्य धाराओं में दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई है।

यह था पूरा मामला

दरअसल, गुरुवार को रहि खुजनेर क्षेत्र के पीपलाखेड़ा में धरेलू हिंसा के आरोपियों को पकड़ने गई थी। इस दौरान पुलिस के साथ मारपीट हुई जिसमें रोमिक राहुल मिलाना घायल हुए और उनके साथ लूट का भी प्रयास हुआ। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। आरोपियों के भागने की जानकारी कोतवाली पुलिस को भी लगने पर एएसआई पुरुषोत्तम, आरक्षक ललित तोमर, श्याम रघुवंशी व अन्य जवान से स्थाना हुई और दो आरोपियों सकेश वर्मा व मोंट नर्मा को पकड़ लिया। इस दौरान अन्य आरोपी भी आ गए जो पकड़े गए लोगों को छुड़ाने के प्रयास कर रहे थे। इन आरोपियों ने एएसआई पर लाठियों से हमला कर दिया वहीं एक एएसआई को दांतों से काटा गया।

इस दौरान पास से पकड़े गए सकेश और मोंट ने भी अपने मरे छुड़ाते हुए पथराव की। बाद में सभी आरोपी भागने लगे जिन्हें पुलिस ने पकड़ लिया। कोतवाली टीआई मंजू सक्सेरिया ने बताया कि आरोपियों एक महिला समेत एक युवति शामिल है जिन पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

मोहनपुरा डैम के पुल पर तेज बहाव के बीच बाइक ले गया युवक

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़



राजगढ़ के मोहनपुरा डैम में 17 गेट खुलने के बाद पुल पर तेज बहाव के बीच बाइक निकालने का वीडियो सामने आया है। वीडियो गुरुवार शाम करीब 7 बजे का बताया जा रहा है। डैम से पानी छोड़े जाने के बाद पुल पर पानी तेजी से बह रहा था। इसके बावजूद एक युवक बाइक लेकर पुल पर चढ़ गया और पानी के बीच से निकलने लगा।

वीडियो में एक युवक बाइक सवार को रोकने की कोशिश करता दिखाई दे रहा है। पास खड़े लोग उसे रोकते रहे, लेकिन बाइक सवार नहीं रुकता। इसके बाद वह बाइक को पानी में उतारकर आगे बढ़ता रहता है। कुछ दूरी तक तेज बहाव के बीच बाइक चलाने के बाद वह दूसरी ओर पहुंच जाता है।

बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर मोहनपुरा डैम को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था। इसी दौरान डैम के 17 गेट खोले गए थे। पानी छोड़े जाने के कारण बैरा के मारा बने पुल पर बहाव बढ़ गया था।

वीडियो सामने आने के बाद युवक की लापरवाही चर्चा में है। तेज बहाव के बीच बाइक ले जाना किसी बड़े हादसा हो सकता था। प्रशासन की ओर से ऐसे स्थानों पर लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है।

घरेलू गैस सिलेंडर से ईको कार में रिफिलिंग

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़



राजगढ़ जिले के छापीहेड़ा में घरेलू गैस सिलेंडर से वाहनों में गैस रिफिलिंग करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने खुफरी सेक्ट स्थित एक मकान के सामने कार्यवाई करते हुए ईको कार में गैस भर रहे दो युवकों को पकड़ा। मौके से तीन घरेलू गैस सिलेंडर, रिफिलिंग मीटर और ईको कार जब्त की गई। जब्त सामान की कीमत करीब 3.10 लाख रुपए बताई गई है।

पुलिस के अनुसार, 17 सितंबर को थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती को खुफरी रोड पर घरेलू सिलेंडरों से वाहनों में गैस भरने की सूचना मिली थी। टीम ने मौके पर पहुंचकर अनुरुन जानकारी मिली खुफरी सेक्ट छापीहेड़ा और सोनू साहू निवासी भाटखेड़ा को गैस रिफिलिंग करते पकड़ा। दोनों से अनुमति और गैस प्रमाणपत्र नहीं मिले, लेकिन ये दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके।

पुलिस ने इंडियन कंपनी के तीन घरेलू सिलेंडर, रिफिलिंग मीटर और ईको कार जब्त की। करीब 09 ।0 5448 लाख की है। मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 287 भारतीय न्याय संहिता और धारा 3य7 आवश्यक वस्तु अधिनियम की तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

इलाज करा लौटी बहू को ससुर ने दी गालियां, बोला– फिजूल खर्च कर रही

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

सिटी थाना अंतर्गत पचेरी गांव में एक महिला के साथ उसके ससुर द्वारा गाली-गलौज और मारपीट की कोशिश का मामला सामने आया है।

इलाज कराकर अस्पताल से लौटी बहू पर ससुर ने नाराजगी जताते हुए उसके मायके वालों को लेकर भी आपत्तिजनक शब्द कहे। जब ससुर लाठी लेकर उसे मारने दौड़ा तो महिला के पति और देवर ने बीच-बचाव कर उसे बचाया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार,निवासी 30 वर्षीय मंजू पत्नी सुरज सोलिया ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

मंजू ने बताया कि 16 सितंबर को वह इलाज कराने मायके वाली को लेकर भी ब्यावरा अस्पताल गई थी। अगले दिन सुबह करीब 10 बजे घर पर भीजूद थी, तभी उसके ससुर हरिसिंह ने पूछा कि वह और उसका पति कब वहां गए थे। मंजू ने बताया कि वह बीमार भी और डाक्टर को दिखाने ब्यावरा गी। आरोप है गई है कि यह सुनते ही हरिसिंह भड़क गए और बहू को गालियां देने लगे। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर गुरुवारकी रात को मामला दर्ज कर लिया है।

टोमेटो केचप डालकर बुजुर्ग से 1.40 लाख रुपए से भरा बैग चोरी

'कपड़ों पर गंदगी लगने का झांसा देकर वारदात, ब्यावरा भाजपा मंडल अध्यक्ष के पिता का साथ घटना

डीआर संवाददाता ■ खुजनेर



खुजनेर में गुरुवार दोपहर पचेर रोड स्थित गांधी किसाना के पास एक बुजुर्ग को ठगने में लेकर 1.40 लाख रुपए से भरा बैग चोरी करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

जानकारी के अनुसार ब्यावरा भाजपा मंडल अध्यक्ष रामू यादव के पिता रामचंद उर्फ बाबू यादव दोपहर करीब 3 बजे गांधी किसाना के पास खड़े थे।

इसी दौरान पीछे से आए एक युवक ने उनके कुर्ते पर टोमेटो केचप डाल दिया। युवक ने कपड़ों पर गंदगी लगने की बात कही। बुजुर्ग ने बैग नीचे रखकर उनके साफ करना शुरू किए, तभी युवक बैग लेकर फरार हो गया।

बताया गया कि रामचंद यादव ब्यावरा से खुजनेर आकर दुकानदारों को सामान सप्लाई करते हैं और खिरी की रकम लेकर लौटते हैं। घटना से करीब 10 मिनट पहले सोशिया युवक को सामने की दुकान से टोमेटो केचप का पाउच खरीदते हुए भी देखा गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान और तलाश में जुटी है।

भूमि पूजन

पीएम श्री कन्या स्कूल में 1.29 करोड़ से छह अतिरिक्त कक्षों का भूमिपूजन

'मंत्री ने कहा– बेटियों की पढ़ाई में आर्थिक स्थिति बाधा न बने, सुविधाएं बढ़ा रही सरकार

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा



ब्यावरा में बेटियों की शिक्षा के लिए शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में गुरुवार को पीएम श्री सरकारीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छह अतिरिक्त कक्षों सहित अन्य निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इन निर्माण कार्यों पर 1 करोड़ 29 लाख रुपए की लागत आएगी। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन और जन्म पूजन से हुई।

भूमिपूजन कार्यक्रम में मंत्री नारायण सिंह पंवार ने छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं, पढ़ाई के दौरान आने वाली समस्याओं और छात्राओं की जानकारी भी जानकारी ली। मंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि किसी भी बेटी की शिक्षा आर्थिक परिस्थितियों के कारण प्रभावित न हो। छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण के साथ नि:शुल्क साइकिल, गणवेश और पाठ्यपुस्तक जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि केवल भवन और सुविधाएं उपलब्ध कराना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कार भी जरूरी हैं। मंत्री ने शिक्षकों और विद्यार्थियों से मेहनत कर बेहतर परीक्षा परिणाम हासिल करने का आह्वान किया। उन्होंने छात्राओं से कहा कि वे अपनी पढ़ाई को प्राथमिकता देते हुए उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करें।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री कन्हैयालाल यादव, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश गुर्जर, नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, दिलावर यादव, इंदर सिंह लखवंती, पीएम श्री कन्या शाला प्रभारी प्राचार्य सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, स्कूल स्टाफ और छात्राएं मौजूद रहीं।

सलेहपुर में निर्माण कार्यों का निरीक्षण

सरकीकन के बाद मंत्री नारायण सिंह पंवार भूमिपूजी जनविकास अभियान के तहत ग्राम सलेहपुर पहुंचे।

यहां उन्होंने निर्माणाधीन विकास कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों से प्रगति और गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे करने और नियमित निगरानी के निर्देश दिए।

मंत्री ने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता से किसी भी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए।

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए समय पर काम पूरा कराया जाए, ताकि विद्यार्थियों और ग्रामीणों को सुविधाओं का लाभ समय पर मिल सके।

तुलसी सरोवर तालाब में अज्ञात लड़की का शव मिला



डीआर संवाददाता ■ अशोकनगर

अशोकनगर के तुलसी सरोवर तालाब में गुरुवार सुबह एक अज्ञात लड़की का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। तालाब के पास से गुजर रहे लोगों ने पानी में शव देखा और इसकी सूचना देहात थाना पुलिस को दी। पुलिस टीम तालाब मौके पर पहुंची और एसडीओपी को जानकारी दी।

एसडीओपी की टीम ने शव को तालाब से बाहर निकाला। मौके पर मौजूद लोगों में से कोई भी लड़की की पहचान नहीं कर सका। पुलिस के अनुसार, मृतका की उम्र करीब 16 से 17 वर्ष होने का अनुमान है। उसके शरीर पर प्रथम दृष्टया किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले हैं।

पुलिस ने शव का पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में गुमशुदगी की जानकारी जुटाने के साथ शव की पहचान कराने के प्रयास कर रही है।

प्रारंभिक स्थिति के अनुसार शव ज्यादा पुराना नहीं लग रहा है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी।